01- MAR-JASPUR-BHOOMI Pg-1-JACKET_Layout 1 3/1/2026 8:21 PM Page 1

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार, 2 मार्च 2026



4

कलेक्टर-एसएसपी ने जिला जेल का लिया जायजा, बंदियों से की चर्चा




## खबर संक्षेप

### सौम्या ने साइकोलॉजी विषय में अर्जित किया गोल्ड मैडल



**बिश्रामपुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में शनिवार को आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान सौम्या सिंह को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। सौम्या सिंह ने सत्र 2023-24 में एम.ए. मनोविज्ञान (साइकॉलॉजी) विषय में 78.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया था,उनकी इस शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए समारोह में उन्हें गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने की। गौरतलब है कि सौम्या सिंह चिरमिरी रेलवे स्टेशन प्रबंधक एस एन सिंह की ज्येष्ठ पुत्री हैं,उनकी इस उपलब्धि से परिवार एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।

### रामनगर में कृष्ण गोवर्धन कराह पूजा का 6 मार्च को

**बिश्रामपुर।** सर्व यादव समाज के तत्वावधान में ग्राम रामनगर के शक्ति चौक झिरगिमुड़ा में शुक्रवार छह मार्च को अमर देव बाबा श्री कृष्ण गोवर्धन (कराह) पूजा का आयोजन किया गया है।सर्व यादव समाज के बाबूलाल यादव ने कराह पूजन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को आयोजन में सहभागी बनने पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**सोनगरा।** दोस्त मे साथ बाइक से बहन व दो मासूम भांजा को छोड़ने जा रहे बाइक सवार को पेट्रोल पंप के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में शोक व आक्रोश का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार ग्राम सुखरी निवासी लालजीत यादव ग्राम कोरंधा निवासी बहन व दो भांजे को अपने साथ के साथ बाइक से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 15 डीजेड 7157 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई जबकि लालजीत यादव ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना में बहन, एक अन्य साथी तथा दोनों मासूम भांजे घायल हो गए।

### कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरित



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प के अनुरूप होली पर्व से पूर्व राज्य के अन्नदाताओं को 10 हजार 324 करोड़ रुपये की आदान सहायता राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड स्थित रहंगी खेल मैदान में आयोजित वृहद किसान सम्मेलन कार्यक्रम से कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से आदान सहायता राशि अंतरित की। जिले के किसानों के लिए भी यह दिन विशेष रहा।

### ओडिशा से सिंगरौली ले जाई जा रही थी 9 लाख की खेप

# बोलेरो के गुप्त चेंबर से मिला 18 किलो गांजा, 3 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

होली पर्व से ठीक पहले जशपुर पुलिस ने नशे के सौदागरों पर बड़ा प्रहार करते हुए अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के एक संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। थाना कुनकुरी पुलिस ने बीती रात सघन वाहन चेकिंग के दौरान एक मॉडिफाइड नई बोलेरो (कीमत लगभग 14 लाख रुपये) के गुप्त चेंबर से 18.4 किलो गांजा, जिसकी बाजार कीमत लगभग 9 लाख रुपये आंकी गई है, बरामद किया। इस मामले में तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान गोलारमन यादव उम्र 61 वर्ष वर्ष, शिवराम यादव उम्र 26 वर्ष एवं रामेश्वर यादव उम्र 30 वर्ष निवासी जिला सिंगरौली (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने ओडिशा में मौजूद इनके करीबी रिश्तेदार (साला), जिसने गांजा उपलब्ध कराया था, को भी आरोपी बनाया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना कर दी गई है।

### सिटी कोतवाली ने भी 24.840 किलो गांजा पकड़ा



### मुखबिर की सूचना पर बिछाया जाल

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह को कुछ दिनों पूर्व विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से गांजा की एक बड़ी खेप मध्यप्रदेश पासिंग बोलेरो वाहन क्रमांक एम.पी. 66 जेड.एच. 6806 में जशपुर होते हुए सिंगरौली ले जाई जाएगी। सूचना मिलते ही थाना कुनकुरी को अलर्ट कर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

### वाहन को मोडिफाई कर बनाया गुप्त चैंबर

बीती रात चेकिंग के दौरान संदिग्ध बोलेरो को रोका गया। वाहन में चालक रामेश्वर यादव सहित तीन लोग सवार थे। पूछताछ के बाद जब वाहन की बारीकी से तलाशी ली गई तो वाहन के नीचे विशेष रूप से मॉडिफाई कर बनाए गए गुप्त चेंबर को खोलकर देखा गया। उसमें प्लास्टिक पैकेटों में छिपाकर रखा गया 18.4 किलो गांजा बरामद हुआ।

### बख्शे नहीं जाएंगे आरोपी

डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि कुनकुरी क्षेत्र में बोलेरो वाहन से 18.4 किलो अवैध गांजा के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। साथ ही सिटी कोतवाली ने भी 24.840 किलो गांजा जब्त किया है। जशपुर पुलिस की नशे के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। होली के मद्देनजर जिले में पुलिस की सतर्कता बढ़ा दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ताकि त्योहार के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

### आरोपियों को पुलिस ने लिया हिरासत में

पुलिस ने मौके पर ही गांजा जब्त कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि ओडिशा में मौजूद उनके रिश्तेदार ने उन्हें गांजा उपलब्ध कराया था, जिसे वे सिंगरौली में बेचने के उद्देश्य से ले जा रहे थे।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

आरोपियों के विरुद्ध थाना कुनकुरी में अपराध क्रमांक 45/26 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा एंड-टू-एंड विवेचना की जा रही है ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके।

**इनकी रही ।महती भूमिका:** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश यादव, उपनिरीक्षक मनोज साहू, आरक्षक मुकेश पांडेय, जितेंद्र गुप्ता एवं विनोद तिर्की की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## किराये के मकान से 12.42 लाख का गांजा जब्त



कोतवाली पुलिस ने विवेकानंद कॉलोनी स्थित एक किराये के मकान से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से 24.840 किलोग्राम गांजा (कीमत लगभग 12 लाख 42 हजार रुपये) जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 28 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर सिटी कोतवाली की टीम ने विवेकानंद कॉलोनी के एक किराये के घर में दबिश दी। तलाशी के दौरान मकान में छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। मौके से सुनील भगत उर्फ गोविंदा ,निवासी जैन मंदिर क्षेत्र एवं रवि विश्वकर्मा निवासी तेलीटोली को गिरफ्तार किया गया।

## सुबह 4 बजे 12 वार्डों में एक साथ छापे, 5 हजार किलो महुआ पाश नष्ट



होली के रंग में भंग घोलने वालों पर सख्त वार करते हुए जशपुर पुलिस ने 'ऑपरेशन आघात' के तहत तड़के 4 बजे शहर के 12 वार्डों में एक साथ दबिश दी। 60 से अधिक अफसर-कर्मचारियों की टीम ने डीपाटोली से लेकर बरटोली और मस्जिद पारा तक संभावित ठिकानों पर छापा मारकर 50 लीटर से अधिक कच्ची महुआ शराब जब्त की और करीब 5000 किलो महुआ पास (अनुमानित कीमत 20 हजार रुपए) मौके पर ही नष्ट कर दिया। कार्रवाई में 2 महिला सहित 7 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश और एएसपी राकेश कुमार पाटनवार के मार्गदर्शन में एसडीओपी चंद्रशेखर परमा के ⏭ शेष पेज 4 पर

**थाना आस्ता में पकड़ी गई बड़ी शराब की खेप:** थाना आस्ता क्षेत्र में आरोपी गुरप्रीत साय (26), निवासी बाजारपारा, के घर से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब,4.680 लीटर अंग्रेजी व्हिस्की (मूड ऑफ व रॉयल ब्रांड),4 लीटर बीयर बरामद की गई। कुल कीमत करीब 7800 रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट में अपराध दर्ज किया गया है।

**ट्रैफिक पर नकेल: 2 दिन में 500 चालान:** होली के मद्देनजर हादसों पर अंकुश के लिए मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी सघन चेकिंग जारी है। बीते दो दिनों में 500 प्रकरण दर्ज कर लगभग 50 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने और हेलमेट न पहनने वालों पर सख्ती बरती जा रही है।

# भाजपा की कार्यशाला में शामिल हुए पदाधिकारी व कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




कुनकुरी स्थित अग्रसेन भवन में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026' के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान आगामी अभियान की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए संगठनात्मक मजबूती और वैचारिक सुदृढ़ता पर विशेष बल दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं अंतव्यवसायी आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र बेसरा ने बताया कि यह प्रशिक्षण अभियान 7 मार्च से 14 मार्च तक संचालित होगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। वक्ता एवं जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत सिद्ध होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना पार्टी की प्राथमिकता है और इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका अनिवार्य है। कार्यक्रम के संयोजक उपेंद्र यादव ने जानकारी दी कि अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। मंडल एवं शक्ति केंद्र स्तर पर अलग-अलग प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को इसका लाभ मिल सके। कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष भरत सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, प्रशिक्षण टोली के सदस्य विनोद निकुंज, राजीव नंदे, महिला मोर्चा अध्यक्ष पिंकी गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य शांति भगत, श्याम लाल भगत, जिला मंत्री राजकपूर भगत, संतोष सिंह सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत 15 तक आवेदन

**जशपुरनगर।** जिले में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने एवं स्थानीय उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक दिनांक 15 मार्च तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जशपुर के महाप्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत जिले में चावल आधारित उद्योग, मिनी राइस मिल, आटा मिल, बेकरी, नमकीन, मिक्सचर, मुरमुरा, मुरकू, पोहा, मसाला, अचार, पापड़, बड़ी, बेसन, मैदा, सूजी, तेल मिल, हालर मिल, राइस मिल सहित अन्य विभिन्न प्रकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को स्वीकृत स्थायी परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रुपए तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा, जिससे इच्छुक उद्यमियों को अपना उद्योग स्थापित करने में आर्थिक सहायता मिल सकेगी।

# गेहूं की फसल कम लागत में किसानों को ज्यादा मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



परंपरागत विधि की अपेक्षा उन्नत तकनीकी विधि से गेहूं की फसल से किसानों को अधिक लाभ हो रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप में कृषि विभाग और उद्यान विभाग के द्वारा कृषकों को उन्नत तकनीकी से खेती करने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के साथ ही तकनीकी मार्गदर्शन देकर खेती कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में विशेष पहल किया जा रहा है। फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम बोखी के 60 वर्षीय कृषक श्री गणेश राम यादव ने बताया कि वे परंपरागत देशी विधि से खेती करते थे। जिससे प्रति एकड़ 4 से 5 हजार रूपये शुद्ध आय प्राप्त होता था, इस वर्ष एसएमएसपी योजना अंतर्गत 0.400 हे. क्षेत्र में उन्नत तकनीकी विधि से गेंहू फसल किस्म जीडब्ल्यू 322 लगाया था। जिससे उन्हें 7.00 क्वि. प्रति एकड़ उपज प्राप्त हुआ। इस विधि के खेती से उन्हें शुद्ध आय 16000 रूपये प्राप्त हुआ। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र फरसाबहार श्रीमती शशिप्रभा भोय ने उन्नत तकनीकी विधि से खेती करने हेतु प्रेरित करते हुए किसानों को गेंहू बीज प्रदाय किए थे। फसल प्रदर्शन को देख कर अन्य कृषकों द्वारा आगामी वर्ष में उन्नत तकनीकी विधि से खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा। किसान गणेश राम यादव भी आगामी वर्ष में गेंहू फसल की खेती उन्नत तकनीकी विधि को अपनाकर अधिक क्षेत्र में गेहूं की फसल लगाएंगे साथ ही अन्य कृषकों को भी इसी विधि से खेती करने की लिए प्रेरित करने की बात कही।

### जशपुर के एनईएस कॉलेज में मना विज्ञान उत्सव

# विज्ञान सोच की शक्ति है, इसे जीवन में अपनाना ही सच्ची प्रगति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



शासकीय राम भजन राय एन.ई.एस. स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026' के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विज्ञान उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अमरेन्द्र के प्रेरक उद्बोधन से हुआ।

उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल और तकनीकी युग में विद्यार्थियों के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन एवं नवाचार की भावना अत्यंत आवश्यक है। महाविद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुसंधान प्रवृत्ति, समस्या-समाधान कौशल एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। 27 फरवरी को विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जबकि 28 फरवरी को लोकप्रिय व्याख्यान, पोस्टर निर्माण तथा विज्ञान मॉडल निर्माण प्रतियोगिताए आयोजित हुईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी वैज्ञानिक समझ एवं सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। मुख्य वक्ता आशीष राजपाल, सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र), नायक विनायक राय शासकीय महाविद्यालय ने "डाटा, ध्यान और समय" विषय पर व्याख्यान देते हुए डिजिटल युग में डाटा सुरक्षा, समय प्रबंधन और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शैलेन्द्र पैंकरा, सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र), शासकीय नवीन महाविद्यालय ने डिजिटल तकनीक के मस्तिष्क एवं शरीर पर वैज्ञानिक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए डिजिटल संतुलन, बेहतर नींद ⏭ शेष पेज 4 पर

### विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

शैक्षणिक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता के साथ भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान: दीपक कुमार और नेयूर दास (संयुक्त), द्वितीय स्थान कर्मा सन्यासी, तृतीय स्थान रूपम वर्मा, विज्ञान प्रश्नोत्तरी (क्विज) – विजेता प्रतिभागी प्रथम स्थान प्राप्त समूह के सदस्य: प्राधाम पैंकरा, दीपक कुमार, रितेश सोमानी, रूपेश कुमार एवं अमन कुमार, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता प्रथम स्थान: रूपम एवं समूह एसिड रेन मॉडल (रसायन शास्त्र विभाग), द्वितीय स्थान: बिनय एवं समूह, तृतीय स्थान: नितेश एवं समूह को मिला।

### इनका रहा सहयोग

इन सभी प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षणिक दक्षता, रचनात्मकता, तार्किक क्षमता एवं टीम भावना को सुदृढ़ करने का सफल प्रयास किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ हरिकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन अलका सिंह ने किया। इस पूरे उत्सव को सफल बनाने में आईलिन एक्का, भूषि खूंटे, सुजाता प्रधान, अलका सिंह की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर मनोरंजन कुमार, अजय राजवाड़े, किरण राजवाड़े, मनोज कुमार, रेशमा, आराधना एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पेड़ से गिरा बालक, अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पेड़ से गिरने से गंभीर हुए बालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बालक अचेत हालत में देर रात तक पेड़ के नीचे पड़ा था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम छतोरी निवासी राजेन्द्र राम आ. बैसाखू राम (9 वर्ष) शुक्रवार की शाम गांव के ही अमित तिर्की के घर के समीप इमली पेड़ के नीचे खेल रहा था जिसके बाद घर वापस नहीं लौटा। देर रात तक बालक के घर नहीं आने पर परिजन ने खोजबीन की तो बालक अमित तिर्की के घर के समीप इमली पेड़ के नीचे अचते हालत में पड़ा मिला वहीं पास से ही छिले बालक को देख परिजन ने पूछताछ किया तो बालक ने बताया कि राजेन्द्र पेड़ से नीचे गिरा था। परिजन बालक को तत्काल उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर वृद्धा की गई जान

कार के सड़क किनारे उतारने तथा सीट पलट जाने से गंभीर वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार बांगो थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ी उपरोडा निवासी पुनिया बाइक पति जमुना प्रसाद (66 वर्ष) अदानी में चालक का काम कर रहे नाती लखन यादव के साथ कार से घर जा रही थी। जैसे ही लखन कार लेकर अटेम नदी के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे ट्रक से बचने के लिए कार सड़क किनारे उतार दिया। कार की सीट पलट जाने से वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया।

## खबर संक्षेप

### सूरजमुखी फसल प्रदर्शन के जांच में पहुंचे कलेक्टर

**पुसौर।** कलेक्टर ने पुसौर ब्लॉक के बोंदा में कृषि विभाग की ओर से 50 हे. में लगे सूरजमुखी प्रदर्शन का निरीक्षण किया गया। जिसमें इन्होंने सूरजमुखी प्रदर्शन की सराहना करते हुए ज्यादा से ज्यादा कृषकों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि धान के बदले अन्य फसल लगाने एवं डभरी निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि श्रीमती भद्र कुमारी सिदार, अनुविभागीय कृषि अधिकारी हरीश कुमार राठौर, नायब तहसीलदार पुसौर पंकज मिश्रा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रोहित कुमार पटेल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकार, हितेंद्र कुमार साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आकाश पटेल के साथ किसान उपस्थित रहें।

### राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दी गई ट्रेनिंग

**ररायगढ़।** ग्रामीण अंचलों तक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभ और प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला रायगढ़ में नवनियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों सीएचओ के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो पृथक बैचों में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के सभी विकासखंडों से लगभग 90 सीएचओ ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के निर्देशन एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. केनन डेनियल, डॉ. सुमित शैलेंद्र कुमार मंडल समेत अन्य शामिल रहे। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स अतीत राव और निशा पटेल ने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की प्रारंभिक पहचान स्क्रीनिंग, सामुदायिक स्तर पर परामर्श प्रक्रिया और उचित रेफरल प्रणाली पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

### कोड़ासिया गर्ल्स हॉस्टल में पोताई की होगी जांच

**रायगढ़।** लैलूंगा ब्लॉक के प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, कोड़ासिया में बच्चियों द्वारा पोताई का एक मामला सामने आया था। वीडिया वायरल होने के बाद कलेक्टर ने संज्ञान लिया और जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित कर दिया है। विकास शाखा से जारी आदेश के अनुसार मामले की जांच के लिए श्रीमती धनेश्वरी सिदार, क्षेत्र संयोजक, उमेश पटेल, नोडल अधीक्षक और एक अन्य इस टीम में शामिल है। शनिवार को ही समिति गर्ल्स हॉस्टल पहुंच कर जांच शुरु कर दिया है। इसकी जांच रिपोर्ट सोमवार को सौंपी जाएगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सुबह 4 बजे 12 वार्डों ...

नेतृत्व में सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, चौकी प्रभारी दिनेश कुमार पुरैना व एएसआई चंद्रप्रकाश त्रिपाठी की टीमों ने डीपाटोली, तेलीटोली, टंकीटोली, गाढ़ाटोली, बरटोली, बस स्टैंड के पीछे मस्जिद पारा और रक्षित कॉलोनी में एक साथ दबिश दी।पुलिस का कहना है कि त्योहार से पहले अवैध शराब की सप्लाई चेन तोड़ने के लिए समन्वित और अचानक कार्रवाई की गई। थाना सिटी कोतवाली में अलग-अलग प्रकरणों में 34(1) व 34(2) आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर शंभू राम उम्र 39 वर्ष, डीपाटोली बिरजू नायक उम्र 55 वर्ष, बरटोली अटल पारा, अजीत नायक उम्र 29 वर्ष, बरटोली, राहुल नायक उम्र 29 वर्ष, बरटोली, दिलधर राम उम्र 29 वर्ष, बरटोली, बबीता बाई उम्र 32 वर्ष, कदम टोली, लवनती बाई उम्र 45 वर्ष, कदमटोली को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, लवनती बाई पहले भी अवैध शराब के मामले में पकड़ी जा चुकी है। रेड के दौरान शराब बनाने में इस्तेमाल हो रहा करीब 5000 किलो महुआ पास और बड़े बर्तन बरामद हुए। टीम ने विधिवत पंचनामा कर सामग्री नष्ट की। अधिकारियों का कहना है कि यह खेप बाजार में पहुंचती तो त्योहार के दौरान बड़े पैमाने पर अवैध बिक्री होती।

### विज्ञान सोच की ...

और "डिजिटल डिटॉक्स" अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम का आयोजन ज्योति तिर्की एवं डॉ हरिकेश कुमार दो दिन चले इस शैक्षणिक महाकुंभ की रूपरेखा तैयार करने और इसके सफल क्रियान्वयन में मुख्य भूमिका निभाई। उनके कुशल प्रबंधन में ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का निष्पक्ष और व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित हो सका।

---

### स्वच्छता, सुरक्षा, भोजन, चिकित्सा सुविधाओं की गहन समीक्षा

# कलेक्टर-एसएसपी ने जिला जेल का लिया जायजा, बंदियों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला जेल रायगढ़ का आज प्रातः कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मयंक चतुर्वेदी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने संयुक्त रूप से आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर की स्वच्छताए सुरक्षा प्रबंधए भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सेवाएं तथा बंदियों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का विस्तार से अवलोकन किया गया।

अधिकारियों ने विभिन्न बैरकों का भ्रमण कर बंदियों से सीधे संवाद स्थापित किया। बंदियों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, अधिवक्ता से मुलाकात की व्यवस्था तथा निःशुल्क कानूनी सहायता से जुड़े विषय अधिकारियों के समक्ष रखे गए। कलेक्टर एवं एसएसपी ने सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के क्रम में पूर्व में आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर की


जिला जेल पहुंचे कलेक्टर-एसएसपी।

जानकारी भी ली गई। शिविर के दौरान नेत्र रोग से पीड़ित बंदियों को चश्मों का वितरण किया गया था। साथ ही अस्वस्थ बंदियों को फल वितरित कर स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील पहल का परिचय दिया गया। अधिकारियों ने चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। जेल परिसर में उपस्थित बंदियों के परिजनों से भी चर्चा की गई। परिजनों ने मुलाकात व्यवस्था को सहज बनाने तथा प्रतीक्षा अवधि घटाने का आग्रह किया। इस पर अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को और व्यवस्थित एवं सुचारू बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बंदियों के अधिकारों की रक्षाए सुधारात्मक वातावरण का निर्माण तथा मानवीय दृष्टिकोण अपनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने सुरक्षा प्रबंधों को सतत सुदृढ़ रखने और निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। निरीक्षण के अंत में जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित हों तथा नियमित समीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक गोवर्धन सिंह सोरी और एसडीएम महेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## कंपनी करा रही काम, अधिकारी बता रहे सरकारी, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर क्षेत्र में एनटीपीसी लारा, अडानी छोटे भंडार, तथा रेंगालपाली से लेकर गढ़उमरिया तक छोटे बडे कई कल कारखाने स्थापित हैं जिनके जरिए संबंधित क्षेत्र के ग्रामों में जनहित से जुड़े कार्य सपन्न होते रहे हैं जिसमें खास कर तालाब गहरीकरण, नलकुप खनन, तथा स्वच्छता से जुडे कार्य बताए जा रहे हैं।

संबंधित क्षेत्र के लोगों की माने तो इन क्षेत्रों में वहां स्थापित कंपनी द्वारा तालाब की सफाई एवं गहरीकरण किया जाता है और उसी कार्य को दिखाकर शासन के मनरेगा योजना अथवा अन्य योजना के जरिए होने की बात कही जा रही है। जिसकी जांच करने की मांग की जा रही है। इसी तरह पेयजल को लेकर किए गए नलकुप खनन का भी लोग हवाला दे रहे हैं। ऐसे ही कई तालाब को जेसीबी के जरिए खुदाई करते देखा गया। बताया जाता है कि उस तालाब के मिट्टी रोड के सोल्डर पाटने के लिए लिया जा रहा था। खुदाई इस ढंग से किया जा रहा था जैसे कि मजदूर गोदी बनाते हैं। ऐसी स्थिति में अनयमितता की बात कही जा रही है।

---

**साइंस ऑन व्हील्स' से 14 गांवों के 980 छात्र लाभान्वित**

## मोबाइल विज्ञान लैब से स्कूल परिसर में प्रयोगों का प्रत्यक्ष अनुभव ले रहे छात्र

**रायगढ़/तमनार।** अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित साइंस ऑन व्हील्स परियोजना के माध्यम से तमनार क्लस्टर के 14 गाँवों के लगभग 980 छात्रों को व्यावहारिक विज्ञान शिक्षा हासिल करने का अवसर मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रयोगात्मक शिक्षा की सीमित उपलब्धता को देखते हुए यह पहल बच्चों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद कर रही है। मोबाइल विज्ञान लैब के माध्यम से छात्र अपने ही स्कूल परिसर में विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल, उपकरण और प्रयोगों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। छात्रों और शिक्षकों की प्रतिक्रिया बेहद सकारात्मक है।

यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में युवा छात्रों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने और सीखने के अवसरों को बढ़ाने का कार्य लगातार कर रही है। इस पहल ने बच्चों में सहभागिता को बढ़ाया है। ग्रीष्म और



शीतकालीन शिविरों के दौरान पहले झिझकने वाले छात्र अब प्रयोगों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। कई विद्यार्थियों ने पहली बार वैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग किया, जिससे उनकी सीखने की रुचि में वृद्धि हुई है। बच्चों की वैज्ञानिक सोच भी मजबूत हो रही है—"हाँ" जैसे सरल उत्तरों से आगे बढ़कर वे अब "क्यों?" जैसे प्रश्न पूछ रहे हैं, जो उनके तर्कपूर्ण दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसके साथ ही विज्ञान मेलों में मॉडल प्रस्तुत करते समय विद्यार्थियों का आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उनकी मंच क्षमता, संप्रेषण कौशल और विषयगत समझ अधिक स्पष्ट दिखाई देने लगी है। अदाणी फाउंडेशन का उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को विज्ञान शिक्षा के माध्यम से सशक्त करना और उन्हें भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करना है। संस्था की यह पहल ग्रामीण समुदायों में नए सीखने के अवसर उपलब्ध करा रही है और बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि को आगे बढ़ा रही है।

### छत्तीसगढ़ में अदाणी फाउंडेशन की अन्य पहलें

छत्तीसगढ़ में अदाणी फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन और सामुदायिक विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर रहा है। फाउंडेशन द्वारा स्थानीय स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देने, छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने और पोषण जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ग्रामीण समुदायों के लिए नियमित स्वास्थ्य शिविर, नेत्र परीक्षण शिविर, टीकाकरण सहायता और मातृशिशु स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। आजीविका सशक्तिकरण के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूहों, कौशल प्रशिक्षण और किसान सहायता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा रहा है। जल संरक्षण, **plantation** और स्वच्छता अभियानों जैसे पर्यावरणीय प्रयास भी समुदायों के सहयोग से संचालित किए जा रहे हैं। इन सभी पहलों का उद्देश्य राज्य में स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना और छत्तीसगढ़ के समग्र विकास में योगदान देना है।

## मोर गांव, मोर पानी के लिए ली शपथ

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में मोर गांव मोर पानी जल संगवारी महाअभियान के अंतर्गत जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोतरी में 1 सोखता गड्ढा एक संतान के नाम कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक घर में सोख्ता गड्ढा निर्माण को बढ़ावा देना है, ताकि गिरते जल स्तर को सुधारने में मदद मिल सके।

पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि सोख्ता गड्ढों के माध्यम से जमीन में पानी का रिसाव बढ़ेगा और भविष्य में जल स्त्रोतों में वृद्धि की संभावना बनेगी। इस अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया। जिला पंचायत सीईओ ने जानकारी दी कि जिन ग्रामीणों के पास पर्याप्त जमीन है, वे मनरेगा योजना के तहत डबरी निर्माण का प्रस्ताव दे सकते हैं। डबरी निर्माण का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ग्राम कोतरी में पेयजल की समस्या गंभीर है और यहां 300 फीट से नीचे पानी मिलता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने सभी ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।



### एमडीएम को जांचा

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने कोतरी प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन एवं पढ़ाई की स्थिति की जानकारी ली। कक्षा चौथी और पांचवीं का निरीक्षण किया गया तथा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर भी चर्चा की गई। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोतरी में कक्षा आठवीं का निरीक्षण किया गयाए जहां विद्यार्थियों की उपस्थिति कम पाई गई। कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों से साप्ताहिक दिनों के नाम पूछे गए जिसका बच्चों ने संतोषजनक उत्तर दिया। विद्यालय के पुराने जर्जर भवन को डिस्मेंटल कराने के निर्देश भी दिए गए।

---

## देवकुमारी के प्रयास से सड़क के लिए बजट में किया गया प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

पिछले दिनों जनसम्पर्क के लिए कोसीर समीप गांव बटाऊपाली डंगनिया पहुंचे वहा की कीचड़ से सराबोर रोड देखकर परेशान हुए वही ग्राम वासियो ने अपने बीच पाकर अच्छा सड़क बनवाने की मांग की इस लगातार उठ रही मांग को ध्यान मे रखकर इस रोड की स्थिति व असुविधा को ध्यान मे रखकर आश्वासन दिया। उन्होंने प्रस्तावित बजट मे शामिल करने का प्रयास किया । जिसमे सफल रहा और देवकूमारी लहरे की अथक प्रयास रंग लाई और 25-26 की बजट में शामिल कर दिए गए है इस तरह बटाऊपाली डंगनिया से मधाई भाठा तक प्रधानमंत्री रोड बहुत शीर्ष बनेगी और क्षेत्रीय लोगो को आवागमन की विशेष सुविधा मिलेगी जिससे लोगो को कीचड व उबड़-खाबड़ रोड से निजात मिलेगी।



## अभिनव के एक छात्रा प्रविशा कसेर का नाइपर हैदराबाद में चयन

**पुसौर।** अभिनव विद्या मंदिर पुसौर में पूर्व प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक की शिक्षा एवं रायगढ़ कालेज आफ फार्मेसी से फार्मेसी की शिक्षा प्राप्त करने वाली प्रविशा कसेर केन्द्र सरकार द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इम्पार्टेन्स का दर्जा प्राप्त नाइपर हैदराबाद में चयनित होकर अध्ययन कर रही है।



पूरे देश में सात नाइपर हैं जो कि केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय नई दिल्ली से संचालित है। जिनमें नाइपर को मिलाकर एमएसएम टेक के लिए 724 सीट है। फार्मेसी कालेज के प्रो शंभू के मार्गदर्शन में जीपीएटी परीक्षा क्वालिफाई कर जेईई में आल इंडिया में 136 रेंक लाकर फा र् मा स्यु टि क ल टेक्नोलॉजी प्रोसेस केमिस्ट्री में एम टेक कर रही है। विदित हो कि प्रविषा कसेर सेवानिवृत्त शिक्षक वृन्दावन कसेर की पोती, श्रीमती प्रमिला एवं संजीव कसेर प्रधान पाठक की बेटी एवं डॉ प्रिंसी कसेर की बहन है। उक्त सफलता पर अभिनव शिक्षण समिति पुसौर के अध्यक्ष दिलीप पांडेय उपाध्यक्ष डोलेश्वर गुप्ता, सचिव दिनेश कंसारी कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल, संचालक एवं प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी सहदेव साव नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद किसोर कसेर एवं ऋतेष थवाईत नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश कुमार साव एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं बधाई दिए।

## बाइक पर फर्राटे मार रहे नाबालिगों पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पालकों की लापरवाही से ही नाबालिग बच्चे गाड़ियों में फर्राटे भर रहे हैं। ऐसे वाहन चालकों से सड़क पर चलने वाले लोगों को डर लगने लगा है। बेहूदा गाड़ी चलाते हुए मस्ती करते हैं। इससे खुद को तो नुकसान पहुंच ही सकता है, दूसरों को भी नुकसान होने का अंदेशा रहता है। ऐसे नाबालिग वाहन चालकों को पुलिस ने सुधारने का अभियान चालू कर दिया है। पहले दिन 40 नाबालिग वाहन चालकों को पकड़ा गया है। खास बात यह है कि उनके पालकों को मौके पर तलब कर उनके सामने ही सबक सिखाया गया है। नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने, तेज एवं फर्राटेदार वाहन चलाने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।



---

## गरीबों को राहत देने वाली धनवंतरी जेनेरिक दवा दुकान 20 दिनों से बंद, भटक रहे मरीज

**खरसिया।** शासन महत्वाकांक्षी योजना धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को बेहद कम दरों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां उपलब्ध कराना है खरसिया में बीते 20 दिनों से ताला लटका है। इस अव्यवस्था के कारण क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिसके कारण आम आदमी महंगी दवाइयां खरीदने को मजबूर हो रहा है।

शासन द्वारा संचालित इस स्टोर के बंद होने से उन मरीजों के सामने संकट खड़ा हो गया है, जो नियमित रूप से यहां से सस्ती दवाइयां प्राप्त करते थे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जेनेरिक दवाइयों पर मिलने वाली 50 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक की छूट का लाभ अब उन्हें नहीं मिल पा रहा है। मजबूरन उन्हें निजी मेडिकल स्टोर्स से एमआरपी पर महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं। लगातार 20 दिनों से स्टोर बंद रहने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था या स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने यह योजना गरीब लोगों को मांगी दवाइयां से राहत दिलाने के लिए शुरू की है परंतु खरसिया में योजना के उद्देश्य पर पानी फिर रहा है। मुख्यमंत्री धन्वंतरी योजना के तहत नगरीय निकायों में ये दुकानें इसलिए खोली गई थीं ताकि ब्रांडेड दवाइयों के भारी भरकम खर्च से आम आदमी को बचाया जा सके। लेकिन खरसिया में स्टोर का बंद होना न केवल सरकारी दावों की पोल खोल रहा है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति स्थानीय प्रशासन की लापरवाही को भी उजागर कर रहा है। हम कई बार स्टोर आए लेकिन हर बार ताला लटका मिलता है। निजी दुकानों में दवाइयां बहुत महंगी हैं जिससे घर का बजट बिगड़ रहा है।

### मेडिकल स्टोर नहीं रहता नियंत्रण में




इस संबंध में सिविल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर विक्रम राठिया ने बताया कि धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स उनके नियंत्रण में नहीं है। यह क्यों बंद है इसके बारे में कोई जानकारी भी संचालक द्वारा साझा नहीं की गई है। ऐसे में माना जा रहा है कि मेडिकल संचालक की मनमानी कर रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करायेंगे।
By Train - रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक: 18 अप्रैल 2026, 02 मई 2026, 18 मई 2026, 02 जून 2026
15 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹ 24,500/- ऑफर ₹ 22,500/- 3AC ₹ 32,500/- ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द, नसों का रोग, त्वचा एवं बालों का रोग, स्त्री रोग, मानसिक रोग, मूत्र संबंधी रोग, मधुमेह (डायबिटीज़), नेत्र रोग, किडनी संबंधी रोग, पेट संबंधी विकार, थायराइड, अस्थमा, मोटापा, मांसपेशी का रोग, मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त